TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

02 दिसम्बर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

महान कार्य करने का एकमात्र तरीका यह है

कि आप जो करते हैं उससे प्यार करें।

स्टीव जॉब्स



राकेश कुमार

मधु प्रिया

# राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस 2 दिसंबर



भारत में प्रत्येक वर्ष 2 दिसंबर को 'राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का प्राथमिक उद्देश्य औद्योगिक आपदाओं के प्रबंधन और नियंत्रण को लेकर जागरूकता फैलाना और औद्योगिक अथवा मानवीय गतिविधियों के कारण उत्पन्न होने वाले प्रदूषण को रोकने की दिशा में प्रयासों को बढ़ावा देना है। यह दिन उन लोगों के सम्मान के लिए है जो 1984 में 2 और 3 दिसंबर को भोपाल गैस त्रासदी में मारे गए थे। इस दिन लोगों को प्रदूषण से बचाव के लिए जागरूक किया जाता है। इस दिन को मनाने के पीछे प्राकृतिक चीजों की बर्बादी रोकना और जल हानिकारण कार्बनिक उत्सर्जनों को रोकना है। प्रदूषण की रोकथाम (P2) में वो गतिविधियां शामिल हैं जो कि एक प्रक्रिया द्वारा उत्पन्न होने वाले प्रदूषण की मात्रा को कम करने में सहयोग करते हैं। जैसे प्लास्टिक- उपभोक्ता को कम खपत करना, ड्राइविंग या औद्योगिक उत्पादन को कम इस्तेमाल करना, इत्यादि से प्रदूषण की रोकथाम का प्रयास किया जा सकता है। प्रदूषण नियंत्रण रणनीति भी बनाए गए है, जो प्रदूषक प्रबंधन और पर्यावरण पर इसके प्रभाव को कम करने की कोशिश की गई हैं। प्रदूषण की रोकथाम दृष्टिकोण जिससे इसके स्रोत से उत्पन्न प्रदूषण की राशि को कम करने की कोशिश की गई हैं।प्रदूषण के स्रोतों को कम करना प्रदूषण के रोकथाम की सबसे कारगर रणनीति है। कुछ पेशेवरों को भी प्रदूषण की रोकथाम के लिए रीसाइक्लिंग या पुन:उपयोग करने की सलाह दी गई है। एक पर्यावरण प्रबंधन रणनीति के रूप में प्रदूषण की रोकथाम के लिए कुछ उपाय बताए गए हैं जैसे:- प्रदूषण की रोकथाम हरी रसायन शास्त्र जैसे ही चीज़ों से की जा सकती हैं। अमेरिका पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के द्वारा P2 एक प्रोग्राम है जो कि व्यक्तियों और संगठनों की सहायता इसे लागू करने की कोशिश करती है।

# पुण्यतिथि विशेष 02 दिसम्बर




**देवेन वर्मा** *Deven Verma*; जन्म- 23 अक्टूबर, 1937; मृत्यु- 2 दिसम्बर, 2014, पुणे, महाराष्ट्र) भारतीय सिनेमा में हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध हास्य अभिनेता थे। उन्होंने हिन्दी फ़िल्मों में अपने शानदार हास्य अभिनय से सभी का दिल जीत लिया था। देवेन वर्मा ने लगभग 149 फ़िल्मों में काम किया। 'गोलमाल', 'अंगूर', 'खट्टा मीठा', 'नास्तिक', 'रंग बिरंगी' आदि उनके कॅरियर की बड़ी फ़िल्मों में से एक रही थीं। 'बेशर्म' सहित कुछ फ़िल्मों का निर्माण और निर्देशन भी उन्होंने किया था। 'चोरी मेरा काम', 'चोर के घर चोर' तथा 'अंगूर' फ़िल्मों के लिए उन्हें बेस्ट कॉमेडियन के फ़िल्मफेयर अवॉर्ड से भी नवाज़ा गया था।




# वनडे में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले प्लेयर

| प्लेयर्स | मैच | सिक्स |
|---|---|---|
| रोहित शर्मा (भारत) | 277 | 352 |
| शाहिद अफरीदी (पाकिस्तान/एशिया/ICC) | 398 | 351 |
| क्रिस गेल (वेस्टइंडीज/ICC) | 301 | 331 |
| सनथ जयसूर्या (श्रीलंका/एशिया) | 445 | 270 |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **02.12.2025**

## मापनीय कथन

मापनीय कथन, जिसे मापनी कथन विधि या कथनात्मक मापनी भी कहते हैं, मानचित्र पर किसी वस्तु की दूरी को शब्दों में बताने का एक तरीका है। इसमें एक साधारण लिखित वाक्य का उपयोग किया जाता है, जैसे **"1** सेंटीमीटर बराबर **10** किलोमीटर**"**, जो दर्शाता है कि मानचित्र का **1** सेंटीमीटर धरातल के **10** किलोमीटर के बराबर है। यह मापनी प्रदर्शित करने की सबसे सरल विधि है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




हरियाणा के ऑनलाइन ऑक्शन में 'HR88B8888' नंबर प्लेट के लिए 1.17 करोड़ रुपये की अविश्वसनीय बोली लगी है। यह रकम न केवल महंगी कारों की कीमत को बौना करती है, बल्कि इस बोली ने इसे ऑफिशियली इंडिया का सबसे महंगा कार रजिस्ट्रेशन नंबर बना दिया है।

# पद्य पंकज

"

कर्णधार तू बना तो हाथ में लगाम ले।
क्राति को सफल बना नसीब का न नाम ले।
भेद सर उठा रहा, मनुष्य को मिटा रहा
गिर रहा समाज, आज बाजुओं में थाम ले।
त्याग का न दाम ले,
दे बदल नसीब तो गरीब का सलाम ले।

**गोपाल सिंह नेपाली**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org



2 दिसंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस
www.teachersofbihar.org
Madhu priya